सार-समाचार

कलश यात्रा के पश्चात भागवत कथा आज

कोटा, (निसं)। प्रख्यात आध्यात्मिक गुरू एवं तपस्वी संत उत्तम स्वामी महाराज के श्रीमुख से कोटा में भागवत कथा का वाचन रविवार को भव्य कलश यात्रा के पश्चात होगा। कथा का शुभारम्भ के साथ ही 10 जनवरी को इसकी पूर्णाहुति होगी। कथा के मुख्य यजमान लोकतंत्र सेनानी मोहनलाल नागर ने बताया कि प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 12 से 3 तक होगा। कालातालाब में चन्द्रेसल रोड पर आयोजित होने वाली इस कथा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कलश यात्रा कालातालाब स्थित प्राचीन बावड़ी से प्रारम्भ होकर चन्द्रेसल रोड़ स्थित सांवरिया मैरिज गार्डन में पहुंचेगी जिसमें हजारों की संख्या में माताएं बहनें भाग लेंगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से कथा का शुभारम्भ होगा। कथा के मुख्य आयोजक भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकुट बिहारी नागर एवं भारतीय किसान संघ कोटा महानगर अध्यक्ष बृजराज नागर ने बताया कि महामण्डलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज सनातन धर्म के प्रचार और धार्मिक आयोजनों, खासकर श्रीमद्भागवत कथाओं के लिए जाने जाते हैं और देशभर में उनके लाखों अनुयायी हैं। इसलिए कथा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने के साथ ही आसपास के सीमावर्ती प्रदेशों से भी लोगों के आने की भी सम्भावना है, ऐसे में बाहर से आने वाले लोगों के रूकने की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

नेत्र शिविर आज

कोटा, (निसं)। स्व.मिथलेश कुमारी यादव (अध्यापिका) की पुण्यतिथि को नेत्र ज्योति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में एक मेगा नेत्र शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर आज रविवार को डॉ.राजेश सागर के निवास स्थान पर 8 अटवाल नगर 80 फीट रोड पर आयोजित किया जाएगा। शिविर में डॉ.सुधीर गुप्ता वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ के द्वारा आंखों से संबंधित बीमारियों की नेत्र परीक्षण किया जाएगा एवं मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित कर जो रोगी मोतियाबिंद से पीड़ित पाए जाएंगे उनका ऑपरेशन किया जाएगा। विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के तहत आँखो के मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैन्स प्रत्यारोपण सहित आंखों से संबंधित उपचार किया जाएगा। डॉ.राजेश सागर प्रमुख विशेषज्ञ मेडिसियन (मेडिसियन विभाग), एम.बी.एस चिकित्सालय, कोटा ने बताया कि 4 जनवरी 2026 को सुबह 10 से 1 बजे तक स्वयं के निजी आवास पर कैंप का आयोजन आयोजन कर रोगियों को लाभांवित किया जाएगा। चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन डॉ.सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल अस्पताल में किए जाएंगे। समस्त ऑपरेशन वाले मरीजों को डॉक्टर सागर द्वारा निशुल्क कंबल भोजन और चश्मे की व्यवस्था भी की जाएगी। डॉ.सागर ने बताया कि स्व.मिथिलेश यादव समाजसेविका थी और उनके पदचिन्हों पर चलते हुए परिवार के सदस्य नियमित समाज सेवा करते हैं, इसी के तहत इस नेत्र निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

देशी कट्टे सहित युवक गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देषी कट्टा बरामद किया हैं। सीआई राजेश खटाना के अनुसार पुलिस नाकाबंदी के दौरान सुल्तान नगर से निपानियां रोड पर जाने वाले सीसी रोड पर पुलिस वाहन व जाप्ता को देखकर एक संदिग्ध युवक भागने लगा। संदेह होने पर उससे उसका नाम पता पूछा तो उसने उसका नाम महेंद्र खरारा (25) निवासी जैन धर्मषाला के पीछे, षिव कॉलोनी का होना बताया। जिसकी तलाषी ली गई तो उसके कब्जे से एक देषी कट्टा मिला। इस पर अनुज्ञापत्र (लाइसेंस) चाहा गया तो कोई अनुज्ञापत्र नही होना बताया। इस पर देषी कट्टे को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। अंतर्राज्जीय गिरोह का सरगना गिरफ्तारः- पुलिस ने जिला स्तरीय टॉप 10 में शामिल भगौडा व 11 वर्श से फरार चल रहे 2 हजार रूपए के स्थाई वारंटी इरषाद उर्फ ओगड (34) निवासी कसाई मोहल्ला हाल हड्डी मील गुना मप्र को गुना से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेष किया, जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया हैं। आरोपी अंतर्राज्जीय बाईक चोर गिरोह का मुख्य सरगना हैं, जिसके खिलाफ अन्य राज्यो के थानों में 10 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

अखिल भारतवर्षीय जैन युवा परिषद का 50वां स्थापना दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। अखिल भारतवर्षीय जैन युवा परिषद के पचासवें स्थापना दिवस के उपलक्ष में कोटा महानगर के केन्द्र बिन्दु जहां सभी संतो, आर्यिकाओं विद्वानों का हमेशा पर्दापण होता रहता है। जैनार्चाय शान्ति सागर की परम्परा के पट्टाचार्य शिवसागर महाराज की चातुर्मास स्थली दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर में मूलनायक आदिनाथ भगवान एवं पांचसो पचास वर्ष पूर्व की नवग्रह, देव, शास्त्र गुरु के चरणों से अलंकृत प्रतिमा के पंचामृत अभिषेक किए। अभिषेक के बाद आदिनाथ भगवान की पूजा एवं 24 भगवान का समुच्चय अर्घ एवं आचार्य देशभुषण, आर्यिका ज्ञानमति एवं वर्तमान आचार्यो, मुनियों के अर्घ चढ़ाएं गए। युवा परिषद द्वारा इसी मन्दिर मे बालाचार्य योगिन्द्र सागर महाराज के सानिध्य मे विशाल इन्द्र ध्वज मंडल विधान का आयोजन किया गया था। समाधिस्त सुप्रबुद्ध सागर महाराज की धार्मिक कार्य स्थली रही। युवा परिषद के केन्द्रीय महामंत्री उत्तम चन्द निर्खि का भी इसी मन्दिर से जुड़ाव रहा। कोटा के ऐतिहासिक पीपल के पेड़ के नीचे मुनि तरूण सागर एवं आर्यिका ज्ञानमति की विशाल प्रवचन सभा का आयोजन भी युवा परिषद द्वारा किया गया था।

अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आज

कोटा, (निसं)। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कोटा के सानिध्य में, केंद्रीय कैबिनेट पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में, नयापुरा दरबार पेट्रोल पम्प के पास स्थित, सियाम ऑडिटोरियम सभागार में 4 जनवरी, दोपहर 2 बजे कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के निर्देश पर कार्यक्रम की तैयारियों के निमित्त भाजपा जिला पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर जाकर मौका मुआयना कर, कार्यक्रम पूर्व तैयारियों का जायजा लेकर, सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रितेश चित्तौड़ा, शैलेन्द्र ऋषि, रामलाल टटवाडिया, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र खजांची, कुलदीप सिंह तलवार, जिला प्रवक्ता जगदीश सिंह मोहिल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दौलतराम मेघवाल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 273 ग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफतार किया है। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम के लिये ऑपरेशन गरूड़व्यूह के तहत अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए एक जने पर संदेह होने पर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 273 ग्राम गांजा बरामद किया। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए घोड़े बाले बाबा कच्ची बस्ती निवासी राकेश उर्फ राका को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त, एक पकड़ा

छबड़ा (निसं)। पाली पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर बजरी से भरी हुई एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जब्त किया हैं। पाली थानाधिकारी विष्णु पंकज के अनुसार डीएसपी ताराचंद बंषीवाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत बजरी का खनन कर परिवहन कर ले जाने के मामले में बबलू गुर्जर (21) पुत्र लक्ष्मण निवासी मूंडाघाटा थाना हरनावदाशाहजी को गिरफ्तार किया हैं।

कोटा के नागरिकों में सेहत के लिये दौड़ने का जज्बा : ग्रामीण एस.पी. सुजीत शंकर

कोटा, (निसं)। शहर में आगामी 1 मार्च को प्रदेश की एकमात्र महिलाओं की दौड़ 'पिंक रन- 2026' का विशाल आयोजन किया जाएगा। कोटा फिटनेस एंड रनर फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस दौड़ का पोस्टर विमोचन शनिवार को ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर, एडीएम सिटी अमित सिंघल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा, डॉ नीता जिंदल एवं प्रमुख महिला रनर्स ने किया।

पिंक रन के निदेशक अमित चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश की एकमात्र महिला दौड़ पिंक रन का आयोजन वर्ष 2019 से प्रतिवर्ष महिलाओं में सेहत के प्रति जागरुकता के लिए किया जा रहा है। इस वर्ष पिंक रन के छठे संस्करण में 2000 महिलाओं के दौडने का लक्ष्य है। फाउंडेशन सदस्य अंशुल कौशिक व रितेश साहू ने बताया कि पिंक रन तीन श्रेणियों क्रमशः 5 किमी (फन रन) 10 किमी (ड्रीम रन) व 21 किमी (हाफ मैराथन) की होंगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर ने कहा कि कोटा शहर के नागरिकों में स्वास्थ्य के लिये दौड़ने का जज्बा है। असाध्य रोगों से बचने के लिये सभी उम्र की महिलाओं के लिये अच्छा अवसर है। 'फिट रहो-खुश रहो' का सकंल्प लेकर हर घर की महिलायें इसमें शामिल हों। जिसने कभी दौड़ नही लगाई, वे भी कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर इसमें भाग लें।

सेहत के लिये घर से बाहर निकलें:- एडीएम सिटी अमित सिंघल ने कहा कि हम सुबह दौड़ लगाकर पूरे दिन तरोताजा रह सकते हैं। इससे काम करने की दक्षता बढ़ जाती है। शहर में 50 फीसदी आबादी महिलाओं की है, वे अपनी सेहत के लिये घर से बाहर निकलें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा ने कहा कि मेरा 4 साल पहले पिंक रन से जुड़ाव हुआ। कोटा

■ कोटा फिटनेस एंड रनर फाउंडेशन द्वारा प्रदेश की एकमात्र 'पिंक रन-2026 के पोस्टर विमोचन

में कई महिलायें साड़ी पहनकर भी दौड़ रही है। हैल्थ हमारा पैरामाउंट है, ऐसा मानकर दौड़ लगायें। निजी हास्पिटल की निदेशक डॉ. नीता जिंदल ने कहा कि मैंने 47 वर्ष की उम्र से रनिंग शुरू की। वुमन पिंक रन महिलाओं का ड्रीम प्रोजेक्ट है, 8 से 68 वर्ष तक हर उम्र की महिलायें इसमें शामिल हों।

4 लाख रु. के पुरस्कार व सिटी प्राइड अवार्ड भी:- रनर फाउंडेशन की सदस्य रिचा अग्रवाल, रुचि साहू व गुंजन गांधी ने बताया कि पिंक रन-2026 के विजेताओं को 4 लाख रु तक के उपहार वितरित किए जाएंगे। हर प्रतिभागी को टी शर्ट, अपने नाम की टाइमिंग बीब, आकर्षक मेडल व अल्पाहार मिलेगा। फाउंडेशन सदस्य उमेश गोयल व डॉ.विक्रांत माथुर ने बताया कि गत एक वर्ष में शहर में जिसने फिटनेस के लिये रनिंग व साइकिल में कुछ विशेष उपलब्धि की है उनको फाउंडेशन द्वारा सिटी प्राईड का अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ माथुर ने बताया कि सिटी प्राईड अवार्ड गत 4 वर्षों से फिटनेस के क्षेत्र मे विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले को दिया जा रहा है, जिससे उनका मनोबल ओर बढ़ सके।

प्रोमो साड़ी रन 1 फरवरी को:- फाउंडेशन सदस्य प्रियंका माथुर व गरिमा गुप्ता ने बताया कि पिंक रन की प्रोमो रन में 3.5 किमी की अनूठी साडी रन 1 फरवरी को निःशुल्क होगी। ताकि किसी भी महिला की वेशभूषा उनकी दौड़ में बाधक नहीं बने। इस रन में प्रत्येक प्रतिभागी को एक निश्चित उपहार मिलेगा। अर्चना मुंदड़ा व घनश्याम मुंदड़ा ने बताया कि नववर्ष में पिंक रन को लेकर शहर एवं बाहर की महिलाओ में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

ये उपस्थित रहे:- विमोचन समारोह में शहर के कई अल्ट्रा रनर व रोटरी क्लब कोटा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश व्यास, वर्तमान रोटरी अध्यक्ष मनोज सोनी, सचिव नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष उमेश गोयल, आगामी रोटरी अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह खींची, डॉ. राकेश जिंदल, डॉ. नीता जिंदल, रियर एडमिरल विनीत बक्शी, वंदना सिंह, महेंद्र सिंह चौहान, क्षितिज गुप्ता, सत्यनारायण मालव, पारस कोहली, अंशुल कासलीवाल, निधि कासलीवाल, मीना चौहान, शक्ति सिंह, नरेंद्र अवस्थी, मृगेश गुप्ता, बरखा, अश्विन आदि मौजूद रहे।

निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित

कोटा, (निसं)। ईथॉस हॉस्पिटल में जनवरी माह के प्रत्येक रविवार को घुटना जोड प्रत्यारोपण (टीकेआर) सहित घुटने एवं कुल्हे के जोड़ों से संबंधित समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी रविवार, 4 जनवरी को भी यह शिविर आयोजित होगा।

शिविर में हाड़ौती के अनुभवी एवं वरिष्ठ आर्थोपेडिक विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत घुटने व कुल्हे के जोड़ों के प्रत्यारोपण के साथ-साथ स्लिप डिस्क, साइटिका, सर्वाइकल दर्द तथा रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर के उपचार पर भी विशेषज्ञ सलाह दी जाएगी।

अस्पताल निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि परामर्श शिविर प्रत्येक रविवार को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक ईथॉस हॉस्पिटल, स्वामी विवेकानंद नगर, कोटा में आयोजित किया जाता है। शिविर के दौरान रेडियोलॉजी एवं प्रयोगशाला जांचों पर विशेष छूट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

जेईई मेन के अंतिम फेज में स्मार्ट तैयारी के लिए मोशन एजुकेशन ने दो पुस्तकें और टेस्ट सीरीज लॉन्च की

कोटा, (निसं)। जेईई मेन की अंतिम चरण की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए मोशन एजुकेशन ने शनिवार को दो नई पुस्तकें-जीईई मैन फाईनल पंच और जीईई मैन पीवायक्यू 5 एक्स और पावर अप होम टेस्ट सीरीज-2026 लॉन्च की। इनका विमोचन द्रोणा-2 कैम्पस में मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने किया। यह पुस्तकें स्मार्ट और फोकस्ड तैयारी को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, ताकि विद्यार्थी कम समय में ज्यादा प्रभावी रिविजन कर सकें और परीक्षा हॉल में अधिकतम स्कोर कर पाएं।

नितिन विजय कहा कि प्रतियोगी परीक्षा की अंतिम तैयारी में स्मार्ट वर्क निर्णायक भूमिका निभाता है। इस चरण में अधिक पढ़ने से ज्यादा जरूरी सही चीज पढ़ना और सही सवालों पर प्रैक्टिस करना है। ये पुस्तकें उन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। 'फाईनल पंच' जहां अंतिम दौर के लिए अनिवार्य रीविजन टूल के रूप में काम करेगी, वहीं 'पीवायक्यू 5 एक्स' विद्यार्थियों को परीक्षा में पिछले वर्षों में पूछे गए प्रश्नों के माध्यम से एग्जाम पैटर्न समझने और अंक बढ़ाने में मदद करेगी। यह पुस्तकें विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी हैं जो जेईई मेन के अंतिम फेज में हैं, पूरे सिलेबस का एक राउंड पूरा कर चुके हैं और अब कम समय में अधिक आउटपुट चाहते हैं। इन किताबों से न केवल उनका समय बचेगा बल्कि आत्मविश्वास बढ़कर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करेगी।

इस दौरान जेईई मेन स्टूडेंट्स के लिए पावर अप होम टेस्ट सीरीज-2026 का विमोचन भी किया गया। इसमें 6 पार्ट सिलेबस और 10 फुल सिलेबस यानी कुल 16 प्रैक्टिस टेस्ट और आंसर की हैं। यह टेस्ट सीरीज विद्यार्थियों को घर बैठे वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव देगी। इससे टाइम मैनेजमेंट, एक्यूरेसी और एग्जाम टेम्परामेंट में सुधार होगा। विमोचन समारोह में ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव, कंटेंट हेड जयंत चित्तोड़ा और सीनियर फेकल्टी दीपक जोशी ने भी पुस्तकों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विमोचन करने वाले एजुकेटर्स ने हाथ में त्रिशूल लिए हुए थे। यह इस बात का प्रतीक है कि यह दो पुस्तके और टेस्ट सीरीज सफलता के लिए तीन गुना ज्यादा असरकारक होंगी। ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी ने बताया कि पहली किताब जेईई मैन फ़ाइनल पंच' है। 568 पृष्ठों वाली यह पुस्तक जेईई मेन के लिए एक कॉम्पैक्ट, पॉवर-पैक्ड रीविजन मॉड्यूल के रूप में पेश की गई है।

इसे खास तौर पर परीक्षा के अंतिम दिनों के लिए डिजाइन किया गया है। पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स तीनों विषय एक ही सेक्शन में समाहित किए गए हैं। इसमें यूनिट-वाइज स्ट्रक्चर के साथ फ्रीक्वेंसी वाले, हाई वेटेज और परीक्षा में बार-बार आने वाले सवाल शामिल किए गए हैं। कम महत्व वाले सवालों को जानबूझकर हटाया गया है, ताकि विद्यार्थियों का बहुमूल्य समय बच सके। हर सवाल के साथ स्पष्ट समाधान दिए गए हैं, जिससे तेज रिविजन के साथ-साथ कॉन्सेप्ट क्लैरिटी भी बनी रहे। यह पुस्तक खासकर उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताई गई है जिन्होंने पूरा सिलेबस कम से कम एक बार पढ़ लिया है और अब स्पीड, एक्यूरेसी और आत्मविश्वास बढ़ाने पर फोकस करना चाहते हैं।

डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरी पुस्तक 'जीईई मैन पीवायक्यू 5 एक्स' है, जिसमें कुल 716 पृष्ठ हैं। यह किताब पहले के वर्षों में पूछे गए प्रश्नों पर आधारित है, लेकिन सामान्य पीवाईक्यू बुक से अलग इसकी खास अवधारणा है। इसमें बताया गया है कि एक चुना हुआ सवाल विद्यार्थियों को पांच समान स्तर के सवालों के लिए तैयार कर देता है। हजारों पूर्ववर्ती प्रश्नों में से सिर्फ वही प्रश्न चुने गए हैं जो बार-बार पूछे गए, उच्च प्रभाव वाले और परीक्षा में ट्रेंड सेट करने वाले रहे हैं। किताब का उद्देश्य न्यूनतम प्रश्नों के माध्यम से अधिकतम सिलेबस कवर कराना है। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स तीनों विषयों के लिए ट्रेंड-आधारित चयन किया गया है, जो हालिया जेईई मेन के पैटर्न से मेल खाता है। हर प्रश्न के साथ विस्तृत स्टेप-बाय-स्टेप सॉल्यूशन, शॉर्टकट, अप्रोच और आम गलतियों की चर्चा भी की गई है, ताकि विद्यार्थी समाधान के साथ सोचने का तरीका भी सीख सकें।

शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। अभिभाषक परिषद कोटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को अदालत परिसर स्थित लाला चौक में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। समारोह में हाल ही में बार एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित अध्यक्ष भारत सिंह अड़सेला, उपाध्यक्ष कैलाश बामनिया, महासचिव शंभू सोनी, अर्थ सचिव ऋषि नागर सहित अन्य पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी सदस्यो को शपथ दिलाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निमार्ण में जुड़ी बाधाएं दूर हो चूकी है शीघ्र इस नववर्ष में एक भव्य आधुनिक व सुव्यवस्थित न्यायालय भवन का निर्माण शुरू हो जायेगा।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन का आयोजन

भवानीमंडी, (निसं)। श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया।

श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के पावन प्रकाश पर्व की खुशी में भवानी मंडी में पिछले 24 दिसंबर 2025 से शुरु हुई प्रभातफेरी की सेवा शनिवार 3 जनवरी 2026 को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्र-छाया में पंज प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर कीर्तन के प में संपन्न हुई। सरदार अमनदीप सिंह ने बताया कि इसमें विशेष रुप से युवा सिख नौजवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पंज प्यारों की सेवा युवा सिक्ख नौजवान सरदार हरकीरत सिंह, सरदार

■ श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन आयोजित

हरप्रीत सिंह, सरदार अगम सिंह, सरदार अनंद सिंह, सरदार वंश सिंह, तथा निशानची की सेवा सरदार सिमरप्रीत सिंह ने गुरु महाराज के आशीर्वाद से निभाई। नगर कीर्तन सुबह 7 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ हुआ और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्थानीय श्रद्धालुओं एवं सिख संगत ने पंज प्यारों पर फूलों की वर्षा की, मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा जगह-जगह पर अल्पाहार भी वितरित किया गया। सभी वीर भाई सफेद कुर्ता-पजामा और नीली दस्तार सजाकर तथा बीबियां सफेद सूट और नीली चुनरी पहनकर नगर कीर्तन में शामिल हुए।

संगत ने उत्साह के साथ शब्द कीर्तन का गायन किया और बोले सो निहाल के जयकारों से वातावरण को जोशपूर्ण बना दिया। समाप्ति के बाद गुरुद्वारा साहिब में हथेली प्रसादी लंगर की सेवा भी की गई। सरदार दर्शन सिंह ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के जन्म इतिहास पर प्रकाश डाला।

स्नेह मिलन आज

बूंदी (निसं)। सांवरिया सेठ राठोर परिवार अल्प बचत समिति का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह मनसा पूर्ण गणेश मंदिर में आज आयोजित होगा। समिति मुख्य संरक्षक मुकेश डोडारिया ने बताया कि समिति का प्रारंभ 2014 में हुआ था।

रामगंजमंडी सर्किल में अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता

रामगंजमंडी, (निसं)। सर्किल वृत रामगंजमंडी अंतर्गत थाना सुकेत, मोड़क एवं चेचट क्षेत्रों में वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति वर्ष 2024 की तुलना में बेहतर रही है। भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में कमी आई है, वहीं विभिन्न अधिनियमों के तहत पुलिस द्वारा प्रभावी व सख्त कार्रवाई की गई है।

पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीना ने वार्ता के दौरान बताया कि सर्किल रामगंजमंडी में चोरी व लूट की घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है। जो घटनाएं घटित हुईं, उनमें पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए चोरी व लूट का माल बरामद किया गया। अपराधों का शीघ्र अन्वेषण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जिससे अपराधियों को सजा दिलवाई जा सकी। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा, मेलों, त्योहारों एवं जुलूसों के दौरान पुलिस द्वारा समुचित प्रबंध किए गए। शांति व्यवस्था बनाए

■ 2024 की तुलना में 2025 में अपराधों में कमी आई

रखने में पुलिस की भूमिका सराहनीय रही। दरा के जंगल क्षेत्र में महाकुंभ स्नान के दौरान भारी यातायात दबाव के बावजूद सीमित संसाधनों में पुलिस ने कुशलता पूर्वक यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा, जो एक विशेष उपलब्धि रही।

पुलिस के सकारात्मक व्यवहार से आमजन में विश्वास बढ़ा है तथा अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न हुआ है। बदमाशों एवं हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई की गई, जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रही। दुर्घटना के मामलों में भी कमी आई है। घायलों को समय पर उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में दुर्घटनाओं में मृत्यु के मामलों में भी गिरावट दर्ज की गई है। महिला एवं कमजोर वर्ग से संबंधित अपराधों में भी कमी आई है। वर्ष 2024 में भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 635 प्रकरण दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में भारतीय न्याय संहिता-2023 के तहत 475 प्रकरण पंजीबद्ध हुए।

इसी प्रकार विभिन्न अधिनियमों में वर्ष 2024 में 779 प्रकरण दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2025 में 784 प्रकरण दर्ज कर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई है। शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं शांतिभंग करने वाले तत्वों के खिलाफ वर्ष 2025 में वर्ष 2024 की तुलना में अधिक कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही जनता के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए तथा साइबर अपराध से बचाव को लेकर जागरुकता अभियान चलाए गए।

विद्यालयों में सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों एवं आत्मरक्षा से संबंधित जानकारी भी पुलिस द्वारा प्रदान की गई। पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने हेतु सीएलजी मीटिंग, पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी एवं ग्राम रक्षक दल के साथ निरंतर समन्वय रखा गया, जिससे क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रही। वहीं सर्किल रामगंजमंडी के चारों थानों में भी महिला अपराध पॉक्सो बलात्कार छेड़छाड़ की घटनाएं कम पंजीबद्ध हुई है और अपराध में गिरावट आई है तथा सर्किल में कुल 3000 परिवाद कंप्लेंट प्राप्त हुई जिनका 99 प्रतिशत निस्तारण कर दिया गया है। साथ ही चोरी नकबजनी व लूट के मामले भी कम पंजीबद्ध हुए हैं तथा जिनमें लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया जा चुके हैं एवं चोरी के प्रकरणों में 60 प्रतिशत माल बरामद किया गया है। सर्कल में आम लोगों से अच्छे व्यक्तियों से पुलिस ने संपर्क किया और बदमाशान को चिन्हित कर कार्रवाई की है। अंत मे मीना ने बताया कि यही नहीं कालिका यूनिट महिला सुरक्षा एवं छेड़छाड़ करने वाले युवकों पर शिकंजा कसने के लिए शहर रामगंजमंडी में चलाई गई। जिससे मनचलों पर भी अंकुश लगा है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कैलाश शर्मा पुत्र श्रीनिवास शर्मा निवासी 1493, सुभाष नगर द्वितीय, कोटा, राजस्थान के द्वारा उनके पुत्र अंकुर शर्मा एवं पुत्रवधु सोनिया दामिर निवासीगण बी-503 स्काई लाईन, राजीव गाँधी नगर, कोटा, को मेरे पक्षकार एवं उसके परीजनो के प्रति को निरंतर अनैतिक, क्रूर, और अभद्रता पूर्ण व्यवहार एवं मेरे पक्षकार की चल व अचल सम्पत्तियों के विरुद्ध किये जा रहे अवैधानिक प्रयासों से व्यथित होकर उन्हे अपनी जात व जायदाद से बेदखल कर दिया है तथा अब उनका किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध मेरे पक्षकार या उसके परिवार से शेष नही रहा है आज के पश्चात् उक्त दोनों के द्वारा किये जाने वाले कार्यो के प्रति वह व्यक्तिगत् रुप से दायित्वधीन होगें उनके किसी कृत्य से मेरे पक्षकार या उसके परिजनों का कोई सम्बन्ध नही होगा। ऐसा संव्यवहार मेरे पक्षकार के विरुद्ध शून्य व निष्प्रभावी होगा तथा संव्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं ही दायित्वधीन होगा। सूचित हो।

भवदीय
राकेश श्रृंगी एडवोकेट
दिनांकः04.01.2026 मो. 7733099373

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम शफीका बानू से बदलकर नया नाम शफीका खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता- शफीका खान पत्नी मोहम्मद इरफान, मेहताब की ताल के पास जुनावास भीलवाड़ा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम BADRUN NISHA से बदलकर नया नाम BADARUNANISHA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता- बदारुनन्शि। पत्नी मून्नेखान मेहताब की ताल के पास जूनावास भीलवाड़ा

खोया पाया

1 क 10 दादाबाड़ी योजना के मकान (1) आवंटन पत्र (2) कब्जा पत्र (3) इन्वेन्ट्री (4) अदेय प्रमाण पत्र के असल दस्तावेज दादाबाड़ी चोराहा के पास कही गुम हो गये है अतः किसी को मिलने पर सूचित करे- मो. 7976770074

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक :- एफ 11/विक्रय/2025/718 दिनांक : 30.12.25

नाम हस्तांतरण बाबत आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड 1179 बसन्त विहार केशवपुरा 9 योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 1030 दिनांक 02.04.1987 द्वारा श्री विज्यराज सिंह राठौड पुत्र श्री मंगल सिंह को आंवटित किया गया था। श्री विज्यराज सिंह राठौड के द्वारा श्री कृष्णा कुमार पुत्र श्री जगत नारायण सक्सेना को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त कि